


# दैनिक भारतीय बस्ती




भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 257 मंगलवार 9 अप्रैल 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com





## शैलपुत्री - मां दुर्गा की पहली शक्ति

वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम ।
वृषारुढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ।।

नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा देवी के नौ रूपों की पूजा–उपासना बहुत ही विधि विधान से की जाती है। इन रूपों के पीछे तात्विक अवधारणाओं का परिज्ञान धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है। आइए जानते हैं मां शैलपुत्री के बारे में...

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं।

## एक नजर

### गेहूं, गन्ना की फसल जलकर राख



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बनकटी (बस्ती)** । लालगंज थाना क्षेत्र के कुढ़वा गाँव के दक्षिण तरफ स्थित सीवान में सोमवार की दोपहर करीब दो बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई और आसपास की फसल जलने लगी। जबतक बखरिया, पूरनपुर, कोनी, कुढ़वा व बैजीपुर सहित आसपास गाँव के लोग आग पर काबू पाते तबतक करीब 5 बीघा गेहूँ व गन्ना की फसल जलकर राख हो चुकी थी। जानकारी के मुताबिक कुढ़वा निवासी परशुराम चौधरी व सत्यराम का एक– एक बीघा गेहूँ तथा शिव शंकर चौधरी का एक बीघा तथा धर्मराज का दो बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गया ।

### वार्षिकोत्सव मे झूमा बचपन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बस्ती–रविवार को गौर विकासखंड के इटवा कुनगाई में संचालित रामकृष्ण सरस्वती शिशु मंदिर एं मां केशमाती पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे समाजसेवी ई वीरेंद्र कुमार मिश्र तथा गणेश पांडेय तथा मौजूद अन्य विशिष्ट जन ने माँ सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का भव्य तरीके से शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बस्ती अजय नारायण ने किया।कार्यक्रम मे विद्यालय के बच्चो द्वारा गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागतगीत, एकांकी, समूह गांन, के साथ साथ देर रात तक अपने विभिन्न कार्यक्रम द्वारा स्कूली बच्चे अतिथियों एं दर्शक दीर्घा का मनोरंजन करते रहे। कार्यक्रम के दौरान ही विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश कुमार मिश्र ने आये हुए समस्त अतिथियों, अभिभावकों का स्वागत किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गौर जटाशंकर शुक्ल, ब्लाक प्रमुख हरैया योगेंद्र सिंह,, प्रतिनिधि नगर पंचायत अध्यक्ष गायघाट बालकृष्ण तिवारी, मंत्री विद्या भारती सिद्धार्थ शंकर मिश्रा अजय अग्निहोत्री प्रशांत मिश्रा अंकित शुक्ला आदि मौजूद रहे

# चुनाव आयोग के सामने धरने पर बैठे टीएमसी सांसद हिरासत में

**नई दिल्ली (आभा)।** केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर शिकायत करने पहुंचे टीएमसी के कम से कम 10 सांसद चुनाव आयोग के बाहर ही धरने पर बैठ गए। इसमें राज्यसभा और लोकसभा के सांसद शामिल हैं। इसके थोड़ी ही देर के बाद दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची और सांसदों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक टीएमसी सांसदों ने चुनाव आयोग से मांग की थी कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के चीफ को पद से हटा दिया जाए। उन्होंने कहा था कि सीबीआई, ईडी और एनआईए का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है इसलिए उनके चीफ पर कार्रवाई की जाए।

बता दें कि टीएमसी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचा। टीएमसी नेता डोला सेन ने कहा कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है और विपक्षी नेताओं को झूठे केस में फंसा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव



आयोग को इन जांच एजेंसियों के चीफ को हटा देना चाहिए जिससे कि चुनाव में हर दल को समान मौका मिले। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी तरह से चुनाव से पहले ही हमारे नेताओं को गिरफ्तार करवा लेना चाहती है।

टीएमसी सांसदों की यह भी मांग है कि राज्य की सरकार को जलपाइगुड़ी में तूफान पीड़ितों की मदद के लिए अनुमति दी जाए जिससे कि उनके टूटे घरों का निर्माण करवाया जा सके। बता दें कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रामलीला मैदान में हुए विरोध प्रदर्शन में भी टीएमसी ने हिस्सा लिया था। हालांकि टीएमसी इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है।

पश्चिम बंगाल में एनआईए की टीम पर हुए हमले को लेकर भी सियासत गर्म है। रविवार को भूपतिनगर इलाके मे एनआईए की टीम 2022 में हुए विस्फोट माले में जांच के लिए टीएमसी नेता के ठिकाने पर पहुंची थी। यहां स्थानीय लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। इसके बाद टीम के वाहनों को नुकसान पहुंचा और एनआईए का एक अधिकारी भी घायल हो गया। इसके बाद एनआईए ने शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी टीएमसी को घेर चुके हैं। वहीं ममता बनर्जी ने कहा कि इस तरह से रात में टीम का दबिश देना ही गलत था।

# माओवादियों का खतरा, मांगा हेलीकाप्टर

**मुम्बई (आभा)।** महाराष्ट्र में गढ़चिरौली जिला प्रशासन ने 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय वायु सेना के 5 हेलिकॉप्टरों की मांग की है। माओवादियों के खतरे को देखते हुए यह अपील की गई है। मालूम हो कि आमतौर पर वायुसेना चुनाव से जुड़ी गतिविधियों के लिए 1 या 2 हेलिकॉप्टर मुहैया कराती रही है। अतिरिक्त हेलिकॉप्टर तैनात करने की मांग इसलिए की गई, क्योंकि रास्ते में मतदान दलों



पर हमले की आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियन एयरफोर्स गढ़चिरौली और अन्य हिस्सों में चुनाव प्रक्रिया के लिए रायपुर और नागपुर से 5 एम 17 वी5 हेलिकॉप्टर की व्यवस्था करेगा। गढ़चिरौली के कलेक्टर संजय डेन ने बताया कि 205 मतदान दलों को 3 जगहों गढ़चिरौली, अहेरी और वडसे से हेलिकॉप्टर से भेजा जाएगा।

वोटिंग से एक दिन पहले मतदान केंद्रों पर ईवीएम भेजने की सामान्य प्रथा रही है। हालांकि, इससे हटकर जिला प्रशासन 16 अप्रैल से उन्हें भेजना शुरू कर देगा। इसे देखते हुए अलग–अलग जगहों पर हेलीपैड का निर्माण किया गया है।

# केशव प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, कहा लड़े कोई खिलेगा कमल ही

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नेताओं का ताबड़तोड़ हवाई दौरा जारी है। इसी कड़ी में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए सोमवार को बस्ती के उर्मिला एजेकुशन एकेडमी पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन में पहुंच कर कार्यकर्ताओं को चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्हें जीत का मंत्र दिया। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य पत्रकारों से मुखातिब हुए, जहां पर उन्होंने पत्रकारों के सवाल सभी विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला और कहा कि इस बार दो पार्टियां सपा–बसपा का मूल ही समाप्त हो जाएगा और देश इस चुनाव में कांग्रेस मुक्त भारत हो जाएगा।

बीजेपी के चुनावी मेनिफेस्टो पर अखिलेश यादव की चुटकी पर केशव मौर्य ने जमकर खरी–खोटी सुनाई और कहा कि अखिलेश यादव इस समय गंभीर तनाव से गुजर रहे हैं, क्योंकि वह पूरा चुनाव हार रहे हैं.




इसके साथ ही अखिलेश यादव के बीजेपी आई तो सिपाहियों की भर्ती 4 हो जाएगी वाले के बयान पर उन्होंने कहा कि बीजेपी तो आएगी लेकिन समाजवादी पार्टी सदा के लिए समाप्त हो जाएगी।

वहीं कांग्रेस के मेनिफेस्टो को डिप्टी सीएम ने पूर्ण रूप से झूठ का पुलिंदा बता दिया. इसके साथी कांग्रेस के आला कमान को आड़े हाथ लेते हुए गांधी परिवार पर जमकर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस चुनाव में चाहे राहुल गांधी लड़ें, उनकी दीदी लड़ें, उनके जीजा लड़ें या उनकी मम्मी चुनाव लड़ें, परिणाम में उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी. मतलब चाहे कोई भी लड़े खिलेगा कमल ही।

कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद हरीश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा के साथ ही भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्रों में बांटे पौध, दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सोमवार को कटरा पानी टंकी के निकट कैरियर प्वांइट के छात्रों को पर्यावरण रक्षा के सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ ही उन्हें अनार, अमरूद, शलीफा आदि के पौध वितरित किये गये। उनसे आग्रह किया गया कि वे पौधरोपण के साथ ही उनकी सुरक्षा भी करें जिससे प्रकृति को संतुलित करने के साथ ही उसका लाभ लोगों तक पहुंचे। शिल्पा पत्नी धर्मवीर प्रजापति ने पौधा वितरण के साथ लोगों का आवाहन किया कि यदि लोग अपने जन्म दिन पर, शुभ कार्य, विवाह समारोह, धार्मिक आयोजन आदि पर पौधरोपण करें तो जहां उनकी स्मृतियां सुरक्षित रहेंगी वहीं पर्यावरण रक्षा की दिशा में भी यह प्रभावी कदम होगा। कार्यक्रम में आईएएस डा. हीरालाल की पुस्तक 'डायनमिक डीएम' के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई कि किस प्रकार से इस पुस्तक में पर्यावरण, सामाजिक सम्बन्ध और प्रदूषण के खतरों के प्रति आगाह किया गया है।

पौधरोपण के दौरान मुख्य रूप से नीरज पाण्डेय, मनोज यादव, अमित चौधरी, वन्दना, शिखा यादव, शिवानी, आराधना आदि को जब पौधे मिले तो उनके चेहरों पर मुस्कान थी।

# आप का चुनाव अभियान जारी, 'जेल का जबाब वोट से' का नारा



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सोमवार को अपना कैंपेन लॉन्च कर दिया. पार्टी ने इस कैंपेन में अरविंद केजरीवाल को ही मुद्दा बनाया है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पहले ही सड़कों पर उतरी आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव का अपना पूरा कैंपेन अरविंद केजरीवाल पर ही केंद्रित रखा है. इस कैंपेन का नारा है– 'जेल का जवाब वोट से।

दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय, आम आदमी पार्टी राज्यसभा सांसद संजय सिंह और संदीप पाठक ने सोमवार को कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें नारे के साथ अरविंद केजरीवाल की तस्वीर भी लगाई गई है और उन्हें सलाखों के पीछे दिखाया गया है. मंगलवार से आम आदमी पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता दिल्ली की चारों लोकसभा सीटों का दौरा करेंगे और इसी कैंपेन स्लोगन और तस्वीर के साथ वोट मांगेंगे।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही आम आदमी पार्टी लगातार केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक है और अब उनकी अनुपस्थिति में पार्टी ने लोकसभा चुनाव में केजरीवाल को ही अपना सबसे बड़ा मुद्दा बना दिया है। ांसद संदीप पाठक ने कैंपेन लॉन्च करते हुए कहा, 'आज केजरीवाल जेल में हैं. उन्होंने अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाई है.

## तोडफोड़ के मामले में 7 पर मुकदमा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**छावनी (बस्ती)** । छावनी थाना क्षेत्र के न्यू पराग रेस्टोरेंट फूलडीह में रविवार को तोड़फोड़ मचाने वाले सात आरोपियों के खिलाफ छावनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि न्यू पराग रेस्टोरेंट के प्रबंधक कृष्ण कुमार जायसवाल की तहरीर पर फूलडीह गांव निवासी संजय वर्मा पुत्र रामतीरथ, बन्नीलाल उर्फ जग्गू वर्मा, रामबहोर पुत्र रामबहोर, शिवपूजन पुत्र रामबहोर, शिव शंकर पुत्र रामदेव, रामू पुत्र रामचंदर, दीपचंद पुत्र हरिप्रसाद के खिलाफ धारा 147 148 452 323 504 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। रविवार की दोपहर रेस्टोरेंट के समीप लगी गेहूं की फसल में आग को बुझाने के लिए पहुंचे उक्त आरोपियों ने रेस्टोरेंट में घुसकर कर्मचारियों को मारा पीटा और तोड़फोड़ मचाई यह वारदात रेस्टोरेंट की सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी।

# नवरात्रि में खुले में मांस, मछली की बिक्री रोकने की मांग: विश्व हिन्दू महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में महासंघ पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उनके प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि नव रात्रि और चैत्र राम नवमी को देखते हुये खुले आम बिकने वाले मांस मछली की बिकी पर प्रतिबन्ध लगाया जाय।

ज्ञापन देने के बाद विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि नव रात्रि हिन्दुओं का पानव पर्व है और 9 दिनों तक देवी की कलश स्थापना के साथ पूजा की जाती है और मंदिरों पर भी विशेष अनुष्ठान किये जाते हैं। प्रायः देखा गया है कि नव रात्रि में भी



खुले आम मांस, मछली की बिकी की जाती है इससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचती है। तत्काल प्रभाव से इस पर रोक लगवाया जाय।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से कुलदीप मिश्रा, राजकुमार उर्फ मंटू चौधरी, बिपिन सिंह अनुज शुक्ला शुभम मिश्रा, शिवसेना जिला प्रमुख प्रमोद पाण्डेय, प्रदीप मौर्या शत्रुघ्न पाण्डेय, राकेश सिंह, जगत मोहन सिंह, बीकू, सतीश पाण्डेय, अमरजीत सिंह, बाबा जयप्रकाश दास के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के अनेक पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

# पन्ना प्रमुखों के सहारे चुनाव मैंदान में उतरी भाजपा: कार्यशाला में दिया जानकारी





**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े स्तर पर योजना तैयार की है। प्रदेश भाजपा पहली बार 2024 के लोकसभा चुनाव में पन्ना प्रमुखों के सहारे उतरेगी। पिछले चुनाव में भाजपा के पास पन्ना प्रमुख नहीं थे। भाजपा ने पिछले दो सालों में पन्ना प्रमुख बनाकर पार्टी के लिए एक फौज खड़ी कर दी है। इन पन्ना प्रमुखों का पूरा डाटा केंद्रीकृत है। यानी एक सूचना को कुछ ही मिनटों में धरातल तक पहुंचाने में काफी आसानी होगी। बस्ती में भाजपा के पास 29 हजार पन्ना प्रमुखों की फौज है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित नुक्कड़ सभा वक्ता कार्यशाला हुई जहां अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी समीर सिंह रहे। लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत प्रत्येक शक्ति केंद्र पर नुक्कड़ सभा का आयोजन होगा जिसमें वक्ताओं द्वारा मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से दी जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए पूर्व मीडिया प्रभारी अमृत कुमार वर्मा को जिम्मेदारी सौपी गई है।

प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह ने कहा लोकसभा चुनाव का एलान हो चूका है, भाजपा ने शक्ति केंद्रों पर संवाद स्थापित करने के लिए वक्ताओं की जिम्मेदारी लगा दी है। एक वक्ता एक दिन में पांच शक्ति केंद्रों पर जाकर संवाद करेंगे। यानी 10 शक्ति केंद्रों पर दो दिन में संवाद करना होगा। इसी तरह जिले के 400 शक्ति केंद्रों पर संवाद स्थापित किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा भाजपा हर शक्ति केंद्र पर एक बड़ा कार्यक्रम करने जा रही है। एक शक्ति केंद्र में पांच से छह बूथ होते हैं। इन पांच बूथों को मिलाकर एक गांव बनता है। हर शक्ति केंद्र पर भाजपा करीब 200 लोगों की नुक्कड़ सभा करेगी। विधायक अजय सिंह ने कहा इस कार्यक्रम का मकसद गांव–गांव तक पहुंचकर केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम के जरिये भाजपा लोकसभा सीट जीतने के लिए धरातल पर उतरने का काम करेगी।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि मोदी की सरकार में भारत वर्ष ने अनेक उपलब्धिया हासिल की। भारत विगत 10 वर्ष में एक आत्मनिर्भर भारत की उंचाई प्राप्त कर चुका है और आज प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप एक नई पहचान के साथ विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, लोकसभा प्रभारी सेतभान राय, दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, केडी चौधरी, अनूप खरे, विवेकानन्द वर्मा, राजेंद्र नाथ तिवारी, अपना दल जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल, सुभासपा जिलाध्यक्ष मनोज राजभर, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक निषाद, पवन कसौधन, सुशील सिंह, राजेंद्र गौड़, अनिल दुबे, रघुनाथ सिंह, सुमन सिंह, अंकुर वर्मा, आशा सिंह, गजेन्द्र सिंह, कृष्ण चन्द्र सिंह, मनोज सिंह, अलोक त्रिपाठी, पिन्टू तिवारी सहित मंडल अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, जिला पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में विविध कार्यो की समीक्षा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। उन्होने उप निदेशक (निर्माण मण्डी समिति) को निर्देश दिया कि स्ट्रांगरूम से संबंधित जो निर्देश पूर्व में दिये गये थें, उसको समय से पूर्ण करा लिया जाय। उन्होने निर्देश दिया कि अधिकारी–कर्मचारी गाड़ी पार्किंग, पोलिग पार्टी बस, स्ट्रांगरूम परिसर में प्रवेश और निकास का द्वार अलग–अलग होंगा।

उन्होने कार्मिको के ट्रेनिंग सेण्टर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसान डिग्री कालेज में चिन्हित 22 कमरों का रंगाई–पुताई का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाय। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 10 अप्रैल को स्ट्रांगरूम मण्डी समिति तथा ट्रेनिंग सेण्टर किसान डिग्री कालेज का निरीक्षण किया जायेंगा। उन्होने ट्रेनिंग के लिए उपयोग की जाने वाली ईवीएम की संख्या की जानकारी भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल से चाही है, जिससे राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम को कार्मिको के प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेंगा। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया है कि ट्रेनिंग




प्राप्त करने के दौरान किसी भी ट्रेनिंग प्राप्त कर्ता द्वारा मोबाइल का उपयोग नही किया जायेंगा।

परियोजना निदेशक/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट को निर्देशित किया कि पोस्टल बैलेट मतदान से संबंधित समस्त कार्य समय से पूर्ण कराये और निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्त बूथों का स्थलीय निरीक्षण फिर से कर लिया जाय, जिससे जो भी वहॉ कमिया है उसको ससमय पूर्ण कराया जा सकें। लाइसेंस शस्त्र की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देश दिया कि जिनको छूट मिली है उनके अलावा अगर किसी व्यक्ति द्वारा अभी तक शस्त्र लाइसेंस नही जमा किया गया है तो उसके निरस्तीकरण की पत्रावली प्रस्तुत की जाय।

बैठक में सीडीओ / कार्मिक/ प्रशिक्षण प्रभारी जयदेव सीएस, एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र, पीडी राजेश झा, डीडीओ अजय कुमार सिंह, उप निदेशक (निर्माण मण्डी), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रूधौली/ एआरओ कप्तानगंज शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी/ एआरओ हर्रैया विनोद पाण्डेय, उप जिलाधिकारी/ एआरओ बस्ती शत्रुघ्न पाठक, उप जिलाधिकारी/ एआरओ भानपुर आशुतोष तिवारी, एआरओ महादेवा सत्येन्द्र कुमार सिंह, बीएसए अनूप तिवारी, डीआईओ एनआईसी आलोक मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी केशवलाल, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, मण्डी सचिव, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष सिंह तथा संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 9 अप्रैल 2024 मंगलवार

## सम्पादकीय

### चुनाव और महिला मतदाता

एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि महिलाओं का उच्च मतदान आगामी 2024 के चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। परिणामस्वरूप, राजनीतिक दल मतदाताओं के एक महत्वपूर्ण वर्ग के रूप में महिलाओं को आकर्षित करने के लिए विभिन्न लाभों की पेशकश कर रहे हैं। रिपोर्ट यह भी बताती है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55 प्रतिशत तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घटकर 45 प्रतिशत रह सकता है। संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पिछले सितंबर में महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया। 2008 में, सोनिया गांधी ने इसे उच्च सदन में पारित किया लेकिन लोकसभा में ऐसा करने में विफल रहीं। पी.एम. मोदी ने बड़े गर्व के साथ इस बिल को पेश किया और पिछले साल 27 साल बाद यह लगभग सर्वसम्मति से पास हो गया। हालांकि, परिसीमन प्रक्रिया और नई जनगणना को पूरा करने में देरी के कारण विधेयक के कार्यान्वयन में 4 साल की देरी होगी। गौरतलब है कि भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माताओं में से एक बी.आर. अम्बेडकर ने एक बार कहा था कि 'राजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है।'

यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाओं को तब तक न्याय नहीं मिलेगा जब तक निर्णय लेने में उनकी भागीदारी न हो। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से, भारत में केवल एक महिला प्रधानमंत्री और 15 महिला मुख्यमंत्री हुई हैं। हालांकि, 1950 के दशक से चुनाव लडने वाली महिलाओं की संख्या 7 गुना बढ़ गई है। लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल 5 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो गया है। एक महत्वपूर्ण उपाय यह था कि 1993 में, पंचायत की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित थीं, जिसे अब अधिकांश राज्यों में 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। लगभग 10 लाख महिलाएं जमीनी स्तर पर सरपंच के रूप में कार्य करती हैं। ये सरपंच अपने स्थूल अनुभव के बल पर उन्नति की सीढियां चढ़ सके।

आगामी आम चुनावों में 96.88 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता होंगे, जिनमें से 47 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं। 2.63 करोड़ नए मतदाताओं में से 1.41 करोड़ महिलाएं हैं। केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में अधिक महिलाओं ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया है। कोटा विधेयक से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। राजनीतिक दलों से अपेक्षा की गई थी कि वे हाल के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व प्रदान करेंगे। भले ही उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन किया, लेकिन उन्होंने महिलाओं को केवल 10–15 प्रतिशत टिकट आबंटित किए। लोकसभा चुनाव का रुझान भी निराशाजनक है। भाजपा ने घोषित 421 उम्मीदवारों में से 67 महिलाओं को टिकट दिया है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल जैसे मुख्यमंत्रियों ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लाभों को समझा है।

महिला आरक्षण विधेयक का बेहतर समर्थन करने के लिए पार्टियों को अधिक महिला नेताओं को विकसित करना चाहिए और अपनी उम्मीदवार सूची में अधिक महिलाओं को शामिल करना चाहिए। हालांकि, उनका तर्क है कि जब तक महिलाएं किसी ज्ञात राजनीतिक परिवार से न हों, तब तक उन्हें जीता नहीं जा सकता। गांधी, पवार, यादव, स्वराज, गोयल, करुणानिधि, ठाकरे, चन्द्रशेखर, रेड्डी और नायडू जैसे कई नेता अपने राजवंश को बनाए रखने के लिए अपने परिवार के सदस्यों को प्रमुख राजनीतिक पदों पर नियुक्त करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि हर महिला किसी महिला उम्मीदवार को वोट नहीं देगी। यह मान लेना कि सभी महिला उम्मीदवारों को महिलाओं से वोट मिलेंगे, गलत है। विश्व स्तर पर स्थिति समान है। अंतर–संसदीय संघ के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 26 प्रतिशत कानून निर्माता महिलाएं हैं। दूसरी ओर, रवांडा में 60 प्रतिशत से अधिक सीटों पर महिलाओं का कब्जा है। 2008 में, रवांडा महिला–बहुमत संसद वाला पहला देश बन गया।

भारत में केवल 14 प्रतिशत संसदीय सीटें महिलाओं के पास हैं। लोकसभा में 78 महिला सदस्य हैं, जबकि राज्यसभा में 24 हैं। 193 देशों की तुलना में, संसद के निचले सदन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में भारत 149वें स्थान पर है। भारत के प्रत्येक राज्य में 16 प्रतिशत से कम विधायक महिलाएं हैं। राजनीतिक दलों को प्रोत्साहन देने पर निर्भर रहने की बजाय आवश्यक मुद्दों को संबोधित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। वे महिला मतदाताओं को प्रलोभन देकर लुभाते हैं लेकिन महिला उम्मीदवारों को मैदान में नहीं उतारते। महिलाओं के प्रति राजनीतिक जवाबदेही निर्णय लेने की स्थिति में लिंग संतुलन हासिल करने, राजनीतिक दलों में महिलाओं की मजबूत उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ावा देने और पार्टी नीतियों और प्लेटफार्मों में लैंगिक समानता के मुद्दों को आगे बढ़ाने से शुरू होती है। हालांकि, यह अपने आप में पर्याप्त नहीं है। हमें ऐसे शासन सुधारों की आवश्यकता है जो लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों। ये सुधार निर्वाचित अधिकारियों को अधिक उत्तरदायी बनाने में सक्षम बनाएंगे।

# मोदी की गारंटी और कांग्रेस का न्याय पथ

**–सुरेश हिन्दुस्तानी–**






लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौकीदार चोर है के जवाब में "मैं भी चौकीदार" का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा।

मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं।

कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है।


इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में मेहंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह राजनीति की दशा और दिशा को बदलने वाला दृश्य कहा जा सकता है। यह पहला चुनाव कहा जा सकता है, जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घर रहा है। विपक्ष के कुछ दल इस मामले में मौन साधे हुए हैं, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं, वे या उनके साथी उनके साथ हैं। इससे यह भी साफ संकेत जाता है कि भ्रष्टाचार के विरोध में विपक्ष की कोई योजना नहीं है। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, जबकि विपक्ष पर आज भी आरोप लग रहे हैं। कई तो जमानत पर बाहर हैं।

अब जब लोकसभा चुनाव के मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने अपने बयानों में पैनापन लाने की कवायद कर रहे हैं, तब यह तो कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। जो राजनीतिक दल सत्ता सुख से लम्बे समय से दूर हैं, वह बेचौन से हो रहे हैं। हालांकि यह भी एक बड़ा सच है कि सत्ता पक्ष को निरंकुश होने से बचाने के लिए मजबूत विपक्ष का होना बहुत आवश्यक है, लेकिन यह भी सत्य है कि विपक्ष को मजबूत करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से प्रयास नहीं किए जाते। इसके लिए स्वयं विपक्ष को ही प्रयास करना होगा। विपक्ष की ओर से यह भी आरोप लगाया जाता है कि केंद्र सरकार विपक्ष को कमजोर कर रही है, ऐसा आरोप लगाना विपक्ष की कमजोरी को ही दर्शाता है। इसलिए विपक्ष को अब एक ताकत के रूप में अपने आपको प्रस्तुत करना होगा।

# सोशल मीडिया डाटा संग्रहण और साइबर सुरक्षा



**–अतनु बिस्वास–**




मार्च माह में अमेरिकी संसद में एक कानून लाया गया है जिसकी वजह से टिक–टॉक ऐप की मूल मालिक, चीन की विशालकाय तकनीक कंपनी 'बाइट–डांस' को मजबूरन या तो अपनी सोशल मीडिया ऐप बेचनी पड़ जाएगी या फिर तमाम अमेरिकी डिवाइसेज पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा। यह दर्शाता है कि तकनीक आधारित बड़ी कंपनियों को लेकर अमेरिकी कानून निर्माताओं के अंदर असहजता किस कदर है। जहां राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा है कि वे टिक–टॉक को बैन करने वाले कानून पर दस्तखत कर मंजूरी दे देंगे वहीं अभी यह पक्का नहीं है कि सीनेट में इस बिल का हश्र क्या होगा, और इससे बने प्रभाव न तो इतने सरल होंगे न ही सीधे।

अमेरिका में लगभग 17 करोड़ टिक–टॉक यूजर्स हैं। इस ऐप पर प्रतिबंध लगने से करोड़ों लोगों के रोजगार पर असर पड़ेगा। न केवल कलाकारों को एक मंच से महरूम होना पड़ेगा बल्कि देशभर में रोचक वीडियो बनाने वाले करोड़ों लोगों का धंधा प्रभावित होगा। इससे भी आगे, जैसा कि डोनाल्ड ट्रंप का कयास है, फेसबुक के दबदबे में इजाफा होगा। हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय, जिसे एक वजह गिनाया जा रहा है, कहीं अधिक अहम है।

वर्ष 2020 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी टिक–टॉक और वी–चौट को गैर–कानूनी घोषित करने वाला प्रस्ताव लाये थे लेकिन अगले राष्ट्रपति बाइडेन ने वह निर्णय उलट दिया। विभिन्न देशों में सरकारों ने साइबर सिक्योरिटी और निजता संबंधी चिंताओं के कारण टिक–टॉक प्रतिबंधित कर रखा है। भारत ने भी 2020 में टिक–टॉक और वी–चौट सहित चीन की दर्जनों एप पर रोक लगा दी थी। मार्च, 2023 में, टिक–टॉक के सीईओ शाउ जी चियु ने अमेरिकी संसदीय कमेटी के समक्ष हलफनामा दिया। सुरक्षा विशेषज्ञों को यकीन है कि अमेरिकी सरकार की चिंता मुख्यतः टिक–टॉक का उपयोग विदेशी जासूसी एजेंसियों द्वारा किए जाने की आशंका को लेकर है। अमेरिकी कानून–निर्माताओं की यह धारणा कायम है कि टिक–टॉक का संबंध चीन से होने की वजह से उनके देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को इससे गंभीर खतरा है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यहां तक कहा कि टिक–टॉक बंद करना ही होगा।

साल 2020 में वाशिंगटन पोस्ट अखबार और एक निजी अनुसंधान कंपनी द्वारा करवाए साझे अध्ययन का निष्कर्ष था रू लगता नहीं कि टिक–टॉक ऐप औसतन किसी अन्य सोशल मीडिया मंच से अधिक यूजर्स डाटा इकट्ठा करती है। हालांकि यूआरएल जीनियस नामक मोबाइल मार्किटिंग कंपनी द्वारा 2022 में करवाए अध्ययन में बताया कि तमाम सोशल मीडिया ऐप में, यूट्यूब व टिक–टॉक यूजर्स डाटा पर अधिक निगाह रखते हैं। परंतु यदि टिक–टॉक के डाटा एकत्रण की तुलना फेसबुक या एक्स आदि से की जाए, तो वे भी बहुत अधिक सूचना संगृहीत करते हैं। इसमें वीडियो देखने वालों की विस्तृत जानकारी, उनके कमेंट, निजी मैसेज और यदि उन्होंने अनुमति दे रखी हो डाटा तक पहुंच का स्तर, उनकी सटीक जियो–लोकेशन और कॉन्टेक्ट लिस्ट इत्यादि से संबंधित जानकारी कंपनी इकट्ठा कर लेगी। इसके अलावा, टिक–टॉक की प्राइवेसी स्टेटमेंट के अनुसार, यूजर्स डाटा जैसे ई–मेल एड्रेस, फोन नम्बर, आयु, सर्च एवं ब्राउसिंग हिस्ट्री, अपलोडेड इमेज और वीडियो संबंधी जानकारी और यदि उपभोक्ता ने स्वीकृति दे रखी हो तो उनके डिवाइस क्लिपबोर्ड की सामग्री तक पहुंच करके, एप्लीकेशन कंपनी उसको कॉपी–पेस्ट करने का अधिकार रखती है।

कई अध्ययनों के अनुसार, जिस वक्त उपभोक्ता टिक–टॉक का उपयोग न भी कर रहा हो तब भी वह उसकी ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखती है। हालांकि टिक–टॉक कहना है कि वह इस जानकारी को अपने विज्ञापन व्यवसाय को विस्तार देने में बरतती है। न केवल टिक–टॉक बल्कि अन्य अनेक तकनीक आधारित बड़ी कंपनियां इसी किस्म के औजारों का उपयोग बड़े स्तर पर करती हैं। इसलिए टिक–टॉक तो आनलाइन निगरानी करने वाले इस व्यापक कार्पोरेट अर्थव्यवस्था तंत्र का महज एक पुर्जा है। जिन एप्लीकेशन्स का उपयोग हम करते हैं, उनमें कुछ हमारे बारे में जरूरत से ज्यादा निजी सूचना एकत्र करती हैं। मुख्यतरू वे यूजर्स डाटा का उपयोग अपने लिए करती हैं ताकि उपभोक्ता के रुझान के मुताबिक उसको संबंधित वस्तु या सेवा का विज्ञापन दिखाया जाए। कंपनियां हमारी तरजीहों, कमियों और अभिरुचियों के बारे में इस तरह सूचना इकट्ठा कर ब्राउसिंग व्यवहार को प्रभावित करती हैं कि अक्सर हमें पता तक नहीं चलता। कैम्ब्रिज एनालिटिका प्रसंग ने दिखा दिया कि कैसे व्यक्तिगत सूचना का दोहन करके मुख्य चुनाव के परिणामों तक को प्रभावित किया जा सकता है।

हालांकि, खुद एप्लीकेशन से कहीं अधिक चिंता टिक–टॉक की मिल्कियत और प्रबंधन नीतियों को लेकर है। डर है कि बाईट डांस और इसके विस्तारित अंग के तौर पर टिक–टॉक को चीनी सरकार मजबूर कर सकती है कि वह विभिन्न सुरक्षा गतिविधियों में सहयोग करे, इसमें शायद डाटा ट्रांसफर करना भी शामिल है, क्योंकि अपने अधिकार क्षेत्र में चीनी सरकार कंपनियों पर बहुत अधिक नियंत्रण रखती है।

एक चिंता यह भी है कि यदि टिक–टॉक के यूजर्स डाटा तक चीन की सरकार की पहुंच हो जाए तो वह इसका इस्तेमाल जासूसी करने के लिए कर सकता है। अन्य फिक्र है कि चीनी सरकार टिक–टॉक को मजबूर कर सकती है कि उपभोक्ता की अभिरुचियों को कुछ इस तरह प्रभावित करे कि वह साइट पर वही देखने लगे, जो उसे दिखाना चाहते हैं। ऐसे में इसका असर अमेरिकी आम चुनाव के परिणामों, नीति–निर्धारण और लोकतांत्रिक बहसों पर काफी हो सकता है। सुरक्षा विशेषज्ञ कहते हैं कि भले ही यह कयास लगे, लेकिन टिक–टॉक की स्वामित्व संरचना और और चीनी कानून के चलते यह सच हो सकता है। हालांकि, फिलहाल ऐसा कोई सबूत नहीं कि चीन ने टिक–टॉक का व्यावसायिक डाटा हासिल कर इसका उपयोग जासूसी में किया हो। जैसा कि चियु का कहना है कि उनकी कंपनी चीनी सरकार द्वारा ऐसे किसी प्रयास को कभी नहीं मान सकती। हालांकि, वे अपने दावे पर कितना टिक पाएंगे, इसको लेकर भी फिक्र है। विशेषज्ञों का दावा है कि तमाम सोशल मीडिया मंचों पर भ्रामक सूचनाओं की भरमार है और निजता संबंधी चिंताएं एक समान हैं। अतएव केवल टिक–टॉक पर ध्यान केंद्रित करने से बृहद नजरिया बाधित हो सकता है। वास्तव में, सोशल मीडिया कंपनियों के बारे में माना जाता है कि वे तीसरे पक्ष को यूजर्स डाटा बेच देती हैं। ऐसे में अमित्र विदेशियों के पास डाटा खरीदने–पाने के बहुत विकल्प बन जाते हैं।

बहुप्रचारित अमेरिकी कानून के बारे में विशेषज्ञों की भविष्यवाणी है कि यह कानून बनने से रुक जाएगा और यदि बन भी गया तो टिक–टॉक अदालत में केस दायर कर देगी। वहीं चीन के पास क्षमता है कि वह 2020 के तकनीक निर्यात कानून संशोधन के जरिये इस कदम पर रोक लगवा दे।

वर्ष 2018 में, अमेरिकी कानून निर्माताओं ने मार्क जुकरबर्ग से उनकी कंपनी द्वारा यूजर्स डाटा का इस्तेमाल करने पर जवाबतलबी की थी, कैम्ब्रिज एनालिटिका के बारे में हैरानीजनक रहस्योद्घाटन के चलते यह करना पड़ा। तब जुकरबर्ग ने तंत्र में सुधारक उपाय लाने का शपथपत्र दाखिल किया था। उस वक्त, सीनेटर बिल नेलसन ने कहा – यदि 'फेसबुक या कोई अन्य ऑनलाइन कंपनी इन निजता संबंधी अपने अतिक्रमणों को दुरुस्त नहीं करेगी तो हम करेंगे'। आज, छह साल बाद, क्या यह सही वक्त नहीं है आत्मनिरीक्षण करने का?

–लेखक भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोलकाता में प्रोफेसर हैं।

# निशाने पर ममता सरकार



**– योगेन्द्र योगी–**

देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पडा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी। इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढियां चढ़ी अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून–व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा।

संदेशखाली मामले को लेकर आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी–एसटीनेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीडन की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति–बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। राज्य की ओर से वकालत करते हुए महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि हमें देखना होगा कि संदेशखाली में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने शाहजहां के वकील से सख्त लहजे में कहा कि आप एक आरोपित की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे पहले अपने आस–पास की परछाइयों से छुटकारा पाएं। इसके बाद दूसरे लोगों की शिकायतों के बारे में बात करें। अगर हलफनामे में एक भी आरोप सच है तो वह भी शर्मनाक है। सरकार कहती है कि यहां महिलाएं सुरक्षित हैं। यदि हलफनामे में कोई आरोप साबित हो जाता है, तो ऐसे सभी दावे झूठे होंगे। हालांकि, सुनवाई पूरी होने के बाद भी हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख ने कहा था कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। उसे जानबूझकर फंसाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया था। शाहजहां ने अधिकारियों से कहा था कि वह इस हमले की दिल से निंदा करता है और चाहता है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले।

# मोदी के तीसरी बार पीएम बनने का मतलब विकसित भारत की गारंटी –केशव प्रसाद मौर्य



**संवाददाता–गोण्डा।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को गोंडा जिले में मनकापुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आरपी इंटर कॉलेज में आयोजित गोंडा लोकसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वॉलेंटियर्स सम्मेलन में इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए दावा किया कि विपक्षी उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जाएगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे उस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के 11वें नंबर पर थी। आज भारत विश्व की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। अबकी बार जब आप कमल का बटन दबाएंगे, यही भारत को दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी होगी। तीसरी बार मोदी के पीएम बनने का मतलब विकसित भारत की गारंटी है। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार के मिशन में गोंडा लोकसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान होगा। भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह और मजबूती के साथ लोकसभा पहुंचेंगे। राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की कर्मस्थली और भगवान घनश्याम की जन्मस्थली की गूंज पूरे देश में होनी चाहिए। एक समय लोकसभा से राजीव गांधी ने खुद बोला था कि सरकार दिल्ली से एक रुपये भेजती है तो जनता तक मात्र 15 पैसे पहुंचते हैं। आज पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में भेज दिया जिसका एक भी पैसा कम नहीं हुआ।

अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने सोशल मीडिया वॉलेंटियर्स का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को देश के विकास में भागीदार बनने का अवसर मिल रहा है। प्रतिदिन सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर सरकार के पक्ष में सिर्फ पांच पोस्ट करना है।

सरकार की उपलब्धियों व विपक्ष की नाकामियों को जन–जन तक पहुंचाकर विकसित भारत का सपना साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, गोंडा लोकसभा प्रभारी शरद अवस्थी, सहसंयोजक भारत भूषण वर्मा, सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, एमएलसी अवधेश सिंह मंजू, विधायक रमापति शास्त्री, प्रेमनारायन पांडेय, विनय द्विवेदी व प्रभात वर्मा, राकेश तिवारी, आशीष त्रिपाठी, अनुपम प्रकाश मिश्र, दीपक अग्रवाल, अविनाश जायसवाल, राघवेंद्र ओझा, आशीष सिंह, रामराज शर्मा, दुर्गेश अवस्थी, निखिल सिन्हा आदि मौजूद रहे। हालांकि, इस दौरान गोंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। गोंडा लोकसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वॉलेंटियर्स सम्मेलन में अधिकांश भीड़ स्कूल व कॉलेज के छात्र–छात्राओं की रही। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के राजा रघुराज महाविद्यालय व नर्सिंग कॉलेज के छात्र–छात्राओं को साइबर वार की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राएं काफी संख्या में मौजूद रहीं। इस दौरान आरपी इंटर कॉलेज, एपी इंटर कॉलेज, कीर्ति इंटर कॉलेज सहित विभिन्न स्कूल व कॉलेजों की छात्र–छात्राओं को लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया पर सरकार की उपलब्धियां प्रसारित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शैक्षिक महासंघ की बैठक में स्कूलों का समय बदलने पर नाराजगी

**संवाददाता–श्रावस्ती।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक एवं जिला कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक व शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला का आयोजन चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज कटरा श्रावस्ती के सभागार में आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि शुक्ल एवं मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के मण्डल अध्यक्ष रामानंद तिवारी रहे। कार्यशाला के पहले सत्र पिछले सत्र की सदस्यता, आगामी सत्र का लक्ष्य,संगठन की सरचना का लक्ष्य,ब्लॉक स्तर की समस्याओं, जिला कार्यकारिणी से अपेक्षा,समस्याओं पर चर्चा एवं सुझाव आदि पर चर्चा की गई। जिला महामंत्री प्रकाश चंद्र मिश्र ने कहा कि किसी भी स्तर पर किसी भी स्तर का शोषण कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष नीलमणि शुक्ल ने कहा कि विभाग में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में एक नगर पालिका व एक नगर पंचायत है। इनके स्कूलों को शहरी क्षेत्र का दर्जा दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि परिषदीय स्कूलों के छात्रों के साथ भेदभाव किया जाता है। माध्यमिक विद्यालय में ग्रीष्म कालीन विद्यालय समय पांच घंटे का होता है जबकि परिषदीय नौनिहालों को छह घंटे भीषण लू में बैठाया रखा जाता है। मण्डल अध्यक्ष रामानंद तिवारी ने कहा कि देवीपाटन मंडल में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का तेजी से विस्तार हो रहा है। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार किया गया। इसमें ब्लॉक इकौना में सूर्यमणि दूबे सह संगठन मंत्री और विमिलेश तिवारी महिला उपाध्यक्ष बनाई गईं।

वहीं शिखा सिंह संयुक्त महिला मंत्री तथा हरिओम मिश्र उपाध्यक्ष नामित किए गए। वहीं ब्लॉक सिरसिया भूपेन्द्र कश्यप कोषाध्यक्ष को उनके कार्यों में शिथिलता के दृष्टिगत उनको पद मुक्त कर दिया गया। इस पद का दायित्व ब्लॉक महामंत्री राम गोपाल गंगवार जी को सौंपा गया। ब्लॉक गिलौला के अश्वनी कुमार संगठन मंत्री को काम में शिथिलता के कारण हटा दिया गया। इनके स्थान पर महामंत्री अम्बरेश आर्य को संगठन मंत्री बनाया गया। जबकि हरिहरपुर रानी की ब्लॉक की कार्यकारिणी भंग करके इंद्रेश मिश्र को संयोजक, करुणाकर पाण्डेय को सह संयोजक और प्रतिभा को महिला संयोजक नामित किया गया। पंकज कुमार शुक्ल को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयुक्त महामंत्री राजकुमार सिंह चौहान ने किया।


# मतदाता जागरूकता को मिनी मैराथन आयोजित

**संवाददाता–गोण्डा।** लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सोमवार को कस्बा धानेपुर में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। स्लोगन के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मुजेहना ब्लॉक मुख्यालय से शुरू हुआ मिनी मैराथन पुराना बस स्टॉप तक हुआ और वहां से वापस आकर ब्लॉक मुख्यालय पर समाप्त हो गया। एआरओ मेहनौन सुशील कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें शामिल परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने पहले मतदान फिर जलपान,सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे विभिन्न स्लोगनों से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा है।इस मिनी मैराथन का शुभारंभ से लेकर समापन तक एआरओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी डटे रहे।और मैराथन की अगुवाई करते रहे। ब्लॉक पर शिक्षक नेता कुलदीप पाठक ने मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार देवेन्द्र यादव, खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी, बीडीओ राजेन्द्र यादव,एडीओ पंचायत गनेश प्रताप सिंह,राजस्व निरीक्षक रमाराम शुक्ला,अशोक शुक्ला व शिवदास, एडीओ पंचायत गनेश प्रताप सिंह,लेखपाल हितेश तिवारी, रविन्द्र,शिक्षक हरि प्रसाद वर्मा, पुष्पेन्द्र वर्मा, राहुल वर्मा, संदीप शुक्ला सहित तमाम अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

# ब्रह्मर्षि वेदांती महाराज सहित मर्मज्ञ विद्वान जन्मोत्सव पर कहेंगे श्री राम कथा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से अयोध्या में नौ दिवसीय प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव महोत्सव का शुभारंभ हो जाता है जिसकी तैयारी अयोध्या के मंदिरों में महीनों पहले से होने लगती है और इसी के साथ साथ देश के कोने कोने से राम कथा के मर्मज्ञ विद्वान अयोध्या में प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर कथा श्रवण कराने के लिए तैयारियां करने लगते हैं इस वर्ष भी अयोध्या में लगभग 1 दर्जन से अधिक स्थानों पर विद्वान अपनी अमृत माई कथा द्वारा अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं मंत्रमुग्ध करेंगे इसी क्रम में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित हिंदू धर्म में ब्रह्मर्षि डॉ रामविलास वेदांती महाराज 9 अप्रैल से 17अप्रैल तक शाम पांच बजे से श्री राम कथा कहेंगे।



श्री राम कथा के संयोजक वेदांती जी महाराज के शिष्य वशिष्ठ पीठाधीश्वर महंत डॉ राघवेश दास वेदांती ने बताया कि ब्रह्मर्षि वेदांती महाराज ने 2003 से 2019, 16 बर्षो तक श्री रामनवमी के उपलक्ष में नौ दिवसीय श्रीराम कथा मंदिर निर्माण के लिए समर्पित और संकल्पित हो करके कहा रहे थे जिसका परिणाम 2019 में आया और 2024 में भव्य मंदिर निर्माण हो गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की जिसमें अयोध्या के साथ पूरे विश्व के 5000 से अधिक संत महंत उपस्थित रहे यह संकल्प के साथ भगवान के जन्मोत्सव पर श्री राम कथा खाने का प्रतिफल प्राप्त हुआ। इस वर्ष भी श्री राम कथा के क्रम को आगे बढ़ते हुए पूज्य गुरुदेव भगवान अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को परिक्रमा मार्ग स्थित हिंदू धाम में वशिष्ठ भवन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के आयोजन में 9 अप्रैल शाम 5 से कथा प्रारंभ होगी और रामनवमी तक चलेगी। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर के अमृत मई कथा का श्रवण कर अपने को धन्य करेंगे।

# नूतन बरई चौरसिया मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। प्रतिष्ठित पीठ अखिल भारतीय श्रीराम जानकी नूतन बरई चौरसिया समाज मंदिर, ऋणमोचन घाट से सोमवार को गाजे–बाजे संग दिव्य कलशयात्रा निकाली गई। जो रामनगरी के मुख्य मार्गों से होते हुए पावन सरयू तट पहुंची। जहां सभी कलशों में पवित्र सरयू जल भरकर पुनरू यह कलशयात्रा अपने गंतव्य मंदिर को वापस लौटी। वहां यज्ञ मंडप में सरयू जल से भरे सभी कलशों को वैदिक मंत्रोच्चार संग स्थापित किया गया। यह कलशयात्रा पूरी अयोध्यानगरी में कौतूहल का विषय बनी रही। इस अवसर पर अखिल भारतीय श्रीराम जानकी नूतन बरई चौरसिया समाज मंदिर के वर्तमान पीठाधीश्वर श्रीमहंत रामपत दास महाराज ने कहा कि श्रीरामजन्मोत्सव पर आश्रम प्रांगण में 8 अप्रैल से 17 अप्रैल तक विराट लक्ष्मी यज्ञ एवं संत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के क्रम में सोमवार को गाजे–बाजे संग विशाल कलशयात्रा निकाली गई। उसके बाद मठ में श्रीसीताराम नाम अखंड संकीर्तन प्रारंभ हुआ। मंगलवार को वेदी पूजन, मंडप प्रवेश व सुंदरकांड का पाठ होगा। 10 अप्रैल को सवा लाख पार्थिव पूजन, नंदी पूजन सेवक सत्यनारायण भगत



सपरिवार नेपाल राष्ट्र द्वारा किया जायेगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को सुविख्यात कथाव्यास आचार्य राधेश्याम शास्त्री अपना पावन सानिध्य प्रदान कर रहे हैं। वह अपने मुखारविंद से भक्तगणों को अमृतमयी श्रीरामकथा का रसास्वादन करायेंगे। कथा का समय प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे से है। 16 अप्रैल को हवन और पूर्णाहुति का कार्यक्रम होगा। उसके बाद 17 अप्रैल को रामनवमी पर्व है।इस दिन मंदिर में सुबह 11 बजे से लेकर दोपहार 12 बजे श्रीरामजन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। 18 अप्रैल को संतों एवं भक्तों के विशाल भंडारे संग कार्यक्रम का समापन हो जायेगा। कार्यक्रम में अयोध्या दास, पुजारी अवधकिशोर दास, महंत रामअवध दास, महंत अंबिका दास, श्रीमहंत गणेश दास, महंत रामानुज शरण, चौरसिया महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश भाई लखूजी मुंबई, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौरसिया कोलकाता, चौरसिया महासभा प्रभारी टीएन चौरसिया कोलकाता, विजय चौरसिया, स्मिता चौरसिया, मुखिया जी, मनोज चौरसिया, नंदकिशोर वर्मा, ऋषि चौरसिया, आनंद चौरसिया, रघुनंदन चौरसिया, राकेश चौरसिया, रामकेवल चौरसिया, हरेंद्र चौरसिया, विजय चौरसिया, सुरेश चौरसिया, उमेश चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, रमेश चौरसिया, राजेश वर्मा, राकेश चौरसिया, डा. परितोश, चंद्रकेश चौरसिया, राजेंद्र चौरसिया, स्वामी दयाल चौरसिया,भगवती प्रसाद, श्रवण चौरसिया, सीताराम चौरसिया आदि गणमान्य जनों की उपस्थिति रहेगी।

# कमरे में छत के कुंडे से लटकती मिली विवाहिता की लाश

**संवाददाता–बहराइच।** एक विवाहिता का शव सोमवार को सुबह घर के कमरे में छत के कुंडे से फंदे के सहारे लटकता मिला। जिससे ससुरालवालों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचे। मामला संदिग्ध लगने पर मृतका के पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की धाराओं में केस दर्ज कराया है। मुर्तिहा कोतवाली के ककरहा निवासिनी 24 वर्षीय प्रीति देवी पत्नी भोला का शव सोमवार सुबह घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला, तो ससुरालवालों में कोहराम मच गया। इसकी सूचना मायके वालों व पुलिस को दी गई। कोतवाल अमितेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। मृतका के मायके से पिता मोतीपुर थाने के जयरामपुरवा निवासी शिवनाथ व उनके परिवार के लोग पहुंचे। शव पर चोट के निशान पाकर उन्होंने दामाद भोला सहित चार के विरुद्ध दहेज हत्या की तहरीर दी। शिवनाथ ने कोतवाल को तहकीकात में बताया कि बेटी की शादी पांच वर्ष पूर्व की थी। पति व उसके परिजनों की ओर से संतान न होने व दहेज के लिए आए दिन मारपीट कर उत्पीड़न करते थे। कोतवाल ने बताया कि भोला सहित चार को नामजद कर दहेज प्रतिषेध अधिनियम, उत्पीड़न व मारपीट कर हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। शव को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, तीन घर जले

**संवाददाता–बहराइच।** खैरीघाट थाने के डल्लापुरवा के तेलियन पुरवा गांव में सोमवार सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन घर जल गए। जिसमें तीनों ग्रामीणों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। आग लगने से डेढ़ लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। डल्लापुरवा के मजरा तेलियनपुरवा में सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे अज्ञात कारणों से पुजारी पुत्र मिहींलाल के फूस के मकान में आग लग गई। आग की लपटें देख ग्रामीण जब तक मौके पर आग बुझाने पहुंचे, तब तक आग ने पड़ोसी संजू और आशा राम के मकान को भी आगोश में ले लिया। देखते ही देखते इस अग्नि कांड में पुजारी, संजू और आशाराम के फूस के मकान जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के मुताबिक आग लगने से तीन मकानों में डेढ़ लाख मूल्य से अधिक की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। सूचना मिलने पर पहुंची राजस्व टीम ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दिया है। इस मामले में एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि जल्द ही पीड़ितों को उनके खाते में आर्थिक सहायता राशि भेजी जाएगी।

# चैत्र नवरात्रि की तैयारियां पूरी, सज गए देवी मंदिर

**संवाददाता–बलरामपुर।** चैत्र नवरात्रि को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर पर विशेष साफ–सफाई पर जोर दिया गया है। मंगलवार को जिले भर के देवी मंदिर माता के जयकारों से गुंजायमान होंगे। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर दुकानों में पूजा सामग्रियों की बिक्री जोरों पर है। लोग चुनरी, नारियल सहित अन्य चीजों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। नवरात्रि में घरों में पूजा कराने के लिए पुरोहितों की मांग बढ़ गई है। व्रत रखने के लिए बाजारों में बिक रहे फल व मेवा के दामों में भी उछाल देखने को मिल रहा है। चैत्र नवरात्रि पर्व पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर, झारखंडी, बिजलीपुर, सिटी पैलेस स्थित काली मंदिर, कालीथान, टेढ़ी बाजार स्थित बड़की बहिनी थान, खलवा स्थित समय माता, सेखुआ परमेश्वरी मंदिर, भगवतीगंज स्थित काली मंदिर, देहात थाना स्थित समय माता मंदिर, उतरौला स्थित ज्वाला देवी मंदिर, रहिया देवी मंदिर सहित तमाम छोटे–बड़े देवी मंदिरों में माता जगदंबा की पूजा अर्चना मंगलवार से प्रारम्भ होगी। मंदिरों को खास ढंग से सजाया गया है। मंदिर पर साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। मंगवार को माता के भक्त मंदिर पर विधि विधान पूजा अर्चना के साथ अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए माता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सभी देवी मंदिरों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।


चैत्र नवरात्रि पर्व पर फलों व मेवा की मांग काफी बढ़ जाती है जिसके चलते फलों व मेवा के कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। केला, सेब, संतरा, अंगूर, अनार, पपीता आदि फलों में पिछले दामों की अपेक्षा 15 रुपए प्रति किलो की बढ़ोत्तरी हुई है। इसी के साथ ही कुट्टू आटा, साबूदाना, रामदाना, मूंगफली तेल, घी, मूंगफली दाना, काजू, बादाम, अखरोट, पिस्ता, किशमिस आदि के भी दामों में काफी वृद्धि हुई है। आलू के दाम में भी उछाल देखने को मिल रहा है। नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुगण बाजारों में जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं चुनरी, सिंदूर, चूड़ी, बिंदी सहित श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिल रही है। पं. बजरंगी प्रसाद शास्त्री ने इस बार चैत्र नवरात्र पर बहुत दुर्लभ योग का संयोग बन रहा है। चैत्र नवरात्र का आरंभ शुक्ल और ब्रम्हयोग से हो रहा है। चौत्र नवरात्र के पहले दिन 09 अप्रैल को सुबह पांच बजे से दिन में 11 बजे तक ब्रम्हयोग रहेगा। इस दौरान कलश स्थापना की जा सकती है। सुबह 11 से अपरान्ह तीन बजे तक अभिजीत मुहूर्त है। इस दौरान भी कलश स्थापना की जा सकती है। मंगलवार को ही मंदिरों में कलश की स्थापना होगी। हिंदू धर्म के लोग व्रत रखना शुरू करेंगे।

इस बार चैत्र प्रतिपदा तिथि नौ अप्रैल को मंगलवार के दिन पड़ रहा है। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ घट स्थापना से नवरात्र की शुरुआत होती है। घट पूजा के लिए रेत की मिट्टी में जौ बोएं। उसके ऊपर कलश में जल, सुपारी, लौंग का जोड़ा, सर्वोषधि सहित एक सिक्का डाल दें। फिर आम नौ अथवा 11 पत्ते कलश में लगाकर प्याली में चावल भरकर कलश में रख दें। नारियल पर लाल कपड़ा लपेट कर उसे चावल से भरी प्याली पर रखें। हाथ में अक्षत व पुष्प लेकर वरुण देव का आवाहन मंत्र से करें। विधिपूर्वक नवरात्र के नौ दिन शक्ति की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। 51 शक्तिपीठों में से एक बलरामपुर के तुलसीपुर में स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी के मंदिर से आस्था की बयार बहेगी। देश के कोने–कोने से जहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला आज से शुरू होगा। वहीं पड़ोसी मुल्क नेपाल से भी भारी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस शक्तिपीठ से नेपाल राष्ट्र का आध्यात्मिक रिश्ता है। हर वर्ष नेपाल से पीर रतन नाथ की यात्रा शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर आती है। इस यात्रा में आस्था का जन सैलाब उमड़ता है। शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि चौत्र नवरात्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# झगड़ा होने पर भाई पर चाकू से हमला, चेहरा जख्मी

**संवाददाता–बहराइच।** खाना मांगने पर दो भाइयों में कहासुनी मारपीट में बदल गई। भाई भाभी ने हमलाकर युवक की जमकर धुनाई कर दी। घायल युवक ने बड़े भाई और भाभी पर चेहरे पर चाकू से हमले का आरोप लगाया है। कोतवाली ले जाने पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया है। देहात कोतवाली के श्यामपुर नदौना निवासी 35 वर्षीय संतोषी पुत्र राम चरन रविवार रात लगभग साढ़े दस बजे घर पहुंचा। उसने अपनी भाभी ननकई देवी पत्नी बबलू से भोजन मांगा। जिस पर भाई से नाराज बबलू का अपने भाई संतोषी से कहासुनी मारपीट में बदल गई। बबलू व ननकई ने संतोषी पर डंडों से ताबड़तोड़ वार किया। मारपीट में कमजोर पड़ रहे बबलू ने भाई के चेहरे पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। आनन– फानन में पिता रामचरन घायल को ई रिक्शा से कोतवाली लाया। घायल की हालत देख पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# भजनानंदी संत बाल योगी रामदास के गुरु महंत विजय रामदास योगीराज का हुआ साकेत वास



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या से बाल्यकाल से वैराग्य का जीवन प्रारंभ करने वाले भजनानंदी संत, मां सरयू के पावन तट पर विराजमान सिद्धपीठ करतलिया आश्रम के साथ भारत और नेपाल में स्थित दर्जनों आश्रमों के पीठाधीश्वर महंत विजयराम दास योगी राज महराज 62 वर्ष की उम्र में साकेत बात हो गया। उनका अंतिम संस्कार वैष्णो सनातन परंपरा के अनुसार उनके शिष्य श्रीधाम अयोध्या स्थित करतलिया बाबा आश्रम के पीठाधीश्वर महंत बाल योगी रामदास महाराज ने किया। अयोध्या के सहित पूरे देश के संतों में शोक की लहर व्याप्त है। बाल योगी महाराज ने बताया कि गुरुदेव भगवान गुजरात स्थित आश्रम में गए हुए थे वहां उनकी तबीयत खराब हुई अस्पताल में भर्ती कराया गया मैं भी अयोध्या से तत्काल गुरुदेव के पास पहुंचा और उनकी इच्छा अनुसार अयोध्या लेकर आ रहा था और अयोध्या परिक्षेत्र में पहुंचने के बाद गुरुदेव भगवान का शरीर शांत हो गया वैष्णो सनातन परंपरा के अनुसार और गुरुदेव भगवान की इच्छा के अनुरूप विधि विधान से गुरुदेव भगवान का अंतिम संस्कार मां सरयू के पावन जल में किया गया और प्रभु श्री राम लला उनको अपने चरणों में स्थान दें इसके लिए परंपरा के अनुसार जो भी नियम है दाह संस्कार के बाद मैं उसका पालन कर रहा हूं और नियम अनुसार गुरुदेव भगवान का 13वीं संस्कार किया जाएगा जिसमें श्रीधाम अयोध्या सहित गुजरात राजस्थान मध्य प्रदेश नेपाल में गुरुदेव भगवान द्वारा संचालित दर्जनों आश्रमों से संत महंत और सभी आश्रमों से जुड़े शिष्य पारिकर गुरुदेव भगवान के 16वीं संस्कार में शामिल होंगे। संस्कार के समय श्री संकट मोचन हनुमान किला के महंत परशुराम दास, महंत विनोद दास महान अंगद दास, महंत कन्हैया दास महंत आनंद दास, कम्युनिस्ट पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी अरविंद सेन यादव राम बक्श यादव अखिलेश चौबे सुबोध यादव, गुजरात से बलवंत बघेल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

# राजनीतिक वारिसों से सजा सियासी समर, कैसरगंज से बृज भूषण की जगह अन्य विकल्पों पर हो रहा विचार

**बलरामपुर।** संसद में पहुंचने के लिए शुरू हुआ सियासी संग्राम धीरे– धीरे रोचक ही नहीं, रोमांचक भी होने लगा है। देवीपाटन मंडल की चार सीटों में तीन पर फिलहाल दो दलों ने पांच प्रत्याशी उतारे हैं। इनमें चार राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। कोई बाबा तो कोई नाना की विरासत संभालने के लिए सियासी पिच पर खुद को आजमा रहा है। पिता की जिम्मेदारी संभालने का भी जोर दिख रहा है। मतदाताओं के बीच पैठ बनाने के लिए रिश्तों की दुहाई दी जा रही है। पुराने संबंधों को भी खंगाला जा रहा है। अभी सियासी मैदान में लड़ाकों की कमी है। सभी दलों ने पूरी तरह पत्ते नहीं खोले हैं। इसके बाद भी जिनके नामों की घोषणा हुई है वह माहौल बनाने में जुट गए हैं। इसमें श्रावस्ती संसदीय सीट की बात करें तो भाजपा से मैदान में उतरे साकेत मिश्र अपने नाना बदलूराम शुक्ल की विरासत को संभालने में जुटे हैं। बदलूराम 1971 में बहराइच से सांसद रह चुके हैं। वह श्रावस्ती के रहने वाले थे और तब श्रावस्ती क्षेत्र बहराइच संसदीय सीट से जुड़ा था।

इसी तरह बहराइच के निवर्तमान सांसद अछैवर लाल गौड़ के बेटे डा. आनंद गौड़ भाजपा से मैदान में हैं। गोंडा में भी मुकाबला काफी रोचक हैं। सपा के संस्थापक नेताओं में शामिल व गोंडा से 2009 में सांसद रहे बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा विपक्षी गठबंधन इंडिया से मैदान में डटी हैं, वहीं चार बार सांसद रहे आनंद सिंह के बेटे निवर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह एक बार फिर राजघराने की सियासत को विस्तार देने में पूरी तैयारी से डटे हैं। इस तरह बहराइच के सपा प्रत्याशी रमेश गौतम को छोड़ दें तो अब तक के भाजपा व सपा से घोषित चारों प्रत्याशी विरासत की जंग में मोर्चा संभाले हैं। इनकी जीत पार्टी में कद तो निर्धारित करेगी ही, परिवार का राजनीतिक रसूख भी बढ़ाएगा। गोंडा संसदीय सीट से भाजपा से तीसरी बार कीर्तिवर्धन सिंह इस बार मैदान हैं। वह भाजपा से दो और सपा से भी दो बार सांसद रह चुके हैं। इसके पहले उनके पिता राजा आनंद सिंह भी चार बार (1971, 1980, 1984 व 1989) गोंडा लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस तरह उन्होंने अपने पिता के संसदीय सफर की बराबरी तो कर ली है, लेकिन अब वह इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए मैदान में डट गए हैं। कैसरगंज संसदीय सीट पर अभी किसी दल ने पत्ते नहीं खोले हैं। पहले आप... के फेर में दलों की चुप्पी से पूरे क्षेत्र में सन्नाटा है। 2009 में संसदीय सीट के गठन से बृजभूषण शरण सिंह यहां नुमाइंदगी करते आ रहे हैं। महिला पहलवानों से विवादों के बाद पार्टी में हाशिये पर आए बृजभूषण के दांव की भी खासी चर्चा है। फिलहाल भाजपा की ओर से की गई पेशकश पर इन्कार के बाद पार्टी में विकल्पों पर विचार हो रहा है। सपा भी बड़े दांव की तैयारी कर रही है। वह भी इस सीट से पूरे देश की सियासत को एक संदेश देने का खाका खींच रही है। बीते दिनों लखनऊ में स्थानीय नेताओं की हुई बैठक में अहम मुद्दों पर विचार हुआ, जिसमें फिलहाल टिकट किसी नामी और चर्चित सितारे को देने पर चर्चा हुई। अभी सहमति नहीं बन सकी है। इससे अभी यहां का सियासी अखाड़ा सिर्फ टिकट के खेल से खिलखिला रहा है।

# 200 एकड़ गेंहू का खेत जलकर राख



**संवाददाता–महराजगंज।** बृजमनगंज विकास खंड क्षेत्र में ग्राम सभा हरैया पंडित के टोला पिपराहिया के गेहूं के खेत में सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे आग लग गई। खेत में गेहूं की कटवाई करा रहे किसानों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बावजूद इसके आग धीरे–धीरे लालपुर, बेलौही, सोनचिरैया सहित अन्य गावों के खेतों में फैल गई। आग लगने से लगभग 200 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड को पहुंचने में देरी पर लोगों ने हल्की नोंकझोक की। जानकारी के अनुसार, भूसा मशीन, पंप सेट व खेत कटवाने गए ग्रमसभा लालपुर निवासी किसान लालबिहारी की मोटरसाईकिल में भी आग पकड़ ली, जिसको बचाने के चक्कर में किसान भी आंशिक रूप से झुलस गया। आग गाडी के बाद खेत की तरफ पहुंच गई और धीरे–धीरे फैलने लगी। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, मगर विफल रहे। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही दोपहर एक बजे तहसीलदार फरेंदा कर्ण सिंह दो अग्निशमन यंत्र के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने मे लग गए। बाद में कोल्हुई थानाध्यक्ष आनंद गुप्ता पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस घटना में प्यारे, रामराज, उदयभान, शिवनाथ सिंह, रामेश्वर सिंह, राहुल, मुबारक, रशीद, महेंद्र यादव, तूफानी, जगदीश, परशुराम, मुन्नी, हरिराम,रामधनी, नंदू दीदारू,शत्रुधान,वेदमती, बलराम शुक्ल,राजन सिंह सहित अन्य किसानों का फसल नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। तहसीलदार फरेंदा कर्ण सिंह ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के बाद पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी।

# प्लाई कारखाने में आग लगने से लाखों का नुकसान

**संवाददाता–गोण्डा।** स्टेशन रोड पर लोहिया धर्मशाला के अंदर रविवार देर रात प्लाई कारखाने में आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही आनन फानन में पहुंचे अग्निशमन के तीन वाहनों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। कारखाने के मालिक विपिन लोहिया ने बताया कि करीब दो बजे रात में हुई घटना से बड़ा नुकसान हो गया है। आग से कई महंगी मशीनें, सीसीटीवी व महत्वपूर्ण सामान जलकर राख हो गए हैं। बताया जा रहा है कि इस प्लाई कारखाने में रखी मशीन में शार्ट सर्किट से आग लगी है।

# समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी काजल निषाद को आया हार्ट अटैक, लखनऊ रेफर



**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार और टीवी एक्ट्रेस काजल निषाद की हालत स्थिर है। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी है। कालज निषाद को रविवार की रात हार्ट अटैक आने के बाद लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। काजल के परिवारीजन और पार्टी कार्यकर्ता देर रात एंबुलेंस से उन्हें लेकर लखनऊ पहुंचे थे।

मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में काजल निषाद की तबीयत स्थिर बनी हुई है। डॉक्टरों ने कहा है कि काजल को थोड़ा आराम करना चाहिए। काजल की तबीयत खराब होने का सिलसिला शुक्रवार से शुरू हुआ था। समर्थकों के मुताबिक शुक्रवार की शाम काजल जनसंपर्क के दौरान बेहोश हो गई थी। इसके बाद उन्हें गोरखपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां के डॉक्टरों ने काजल को डिहाइड्रेशन होने की बात कही थी। इलाज से उनकी सेहत में सुधार हो रहा था। लेकिन रविवार को काजल निषाद की तबीयत फिर बिगड़ने लगी। उन्होंने डॉक्ध्टरों से सीने में दर्द की शिकायत की। इसके बाद काजल की ईसीजी जांच कराई गई। रिपोर्ट में दिल के रिदम में बदलाव मिला। इलाज कर रहे डॉक्टरों की टीम में शामिल डॉ. यासिर अफजाल ने बताया कि रिपोर्ट से पता चला कि दिल का दौरा पड़ा है। इसे मायो कार्डियक इंफेक्शन (एमआई) कहते हैं। इसके बाद एहतियातन हॉस्पिटल के सीनियर डॉक्टरों ने काजल निषाद को लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

काजल निषाद की तबीयत खराब की सूचना मिलते ही पार्टी कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचने लगे। देर रात एम्बुलेंस से काजल के परिवारीजन उन्ध्हें लेकर लखनऊ पहुंचे जहां मेदांता हॉस्पिटल में उन्ध्हें भर्ती कराया गया है। 41 वर्षीय काजल निषाद राजनीति में आने से पहले अभिनेत्री रही हैं। उन्होंने लापतागंज सहित कई धारावाहिकों में काम किया है। सपा प्रत्याशी काजल निषाद की तबीयत खराब होने पर गोरखपुर सीट से भाजपा के प्रत्याशी और मौजूदा सांसद रविकिशन ने भी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रया में उन्होंने लिखा– गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी काजल निषाद जी को हार्ट अटैक आने की सूचना मिली है, महादेव से आपके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# तीसरी आंख की जद में होंगे भारत–नेपाल सीमा के 110 अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट

**संवाददाता–गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए इंडो नेपाल बॉर्डर पर भी सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजामात किए जा रहे हैं। एडीजी जोन डॉक्टर के एस प्रताप कुमार ने सीमाई जिलों का लगातार दौरा किया है और जिले के कप्तानों से बार्डर पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिए हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए भारत–नेपाल सीमा पर भी सुरक्षा सख्त कर दी गई है। एडीजी डॉ. केएस प्रताप ने समीक्षा कर सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया है। 110 अंतर्राष्ट्रीय में से 20 से अधिक चेक पोस्ट पर बिजली की समस्या सामने आने पर वहां बैट्री का विकल्प दे दिया गया है, ताकि 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से निगरानी हो सके। इसके अलावा पुलिस, एसएसबी और सीआरपीएफ के जवान संयुक्त रूप से सीमा पर गश्त करेंगे। साथ ही ड्रोन से भी नियमित गश्त किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, एडीजी ने इसे लेकर नेपाल राष्ट्र एवं बिहार राज्य के अधिकारियों के साथ मीटिंग भी कर लिया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य के कुल 07 जनपदों की सीमा नेपाल राष्ट्र से मिलती है। जिसमें कुल 110 अन्तर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट स्थित हैं, जो सीसीटीवी कैमरों के जद में आ गए हैं। साथ ही इस सीमा पर आपसी समन्वय से उत्तर प्रदेश पुलिस एवं एसएसबी द्वारा निरंतर सतर्कता रखते हुए ज्वाइंट पेट्रोलिंग करेंगे। इन सभी कार्यवाहियों में नेपाल राष्ट्र के नेपाल प्रहरी पुलिस ऑफ नेपाल का भी सहयोग लिया जा रहा है।

# अनुपस्थित पांच शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक विद्यालयों में पठन–पाठन सुचारु रूप से चलने के साथ ही शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियों व बच्चों की उपस्थिति जांचने के लिए सोमवार को डीआईओएस सोमारू प्रधान ने कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बिना मान्यता के चल रहे एक स्कूल को बंद रखने, अभिलेख प्रस्तुत न करने पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। साथ ही निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पांच शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। डीआईआएस ने सोमवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटियरिया का निरीक्षण किया। यहां प्रधानाचार्य मीनू अनुपस्थित रहीं। मार्च माह की उपस्थिति पंजिका में कई कालम में हस्ताक्षर ही नहीं बनाए गए हैं। दीनबंधु इंटर कॉलेज नदांव में तैनात 16 शिक्षकों में एक सहायक शिक्षक अनुपस्थित मिले। बरदगवा में गायत्री पब्लिक स्कूल के निरीक्षण में जिविनि को कक्षा 10 तक की पढ़ाई होती मिली। मान्यता के कागजात दिखाने के मामले में प्रबंधक प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कक्षा आठ तक मान्यता है। आठ तक की मान्यता संबंधी अभिलेख भी मौके पर नहीं दिखा सके। डीआईओएस ने तत्काल स्कूल बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही मान्यता संबंधी कागजात न दिखाने पर एफआईआर कराने की चेतावनी दी। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बांसी के निरीक्षण में बच्चों की संख्या कम मिली। सहायक अध्यापक अनुपमा पांडेय, सुष्मिता त्रिपाठी अनुपस्थित मिलीं। निरीक्षण के समय साफ–सफाई बेहतर करने के साथ ही प्रवेश के समय बच्चों की प्रोफाइल कंपलीट करने का भी निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटौती का निर्देश दिया गया है।

# एक ही संपत्ति पर दो बैंकों ने दे दिया ऋण, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

**संवाददाता–गोरखपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने 11 साल पहले आर्यनगर निवासी एक व्यक्ति से जमीन रजिस्ट्री कराई। जमीन पर बैंक से होम लोन लेकर मकान का निर्माण भी करा लिया। होम लोन की रकम को चुकता कर अनापत्ति भी ले लिया। लेकिन पिछले दिनों उनका होश उड़ गया जब दूसरे बैंक ने उनके आवास के बाहर नीलामी का नोटिस चस्पा कर दिया। बैंक के मुताबिक, मूल बिक्रेता ने जमीन को बंधक बनाकर ऋण ले रखा है। संपत्ति को बेचकर करीब 15 लाख रुपये की रिकवरी होनी है। मुश्किल में फंसा खरीददार अब प्रशासन और पुलिस का चक्कर लगा रहा है। कोतवाली क्षेत्र के एक दंपति ने वर्ष 2013 में दीवान बाजार के रहने वाले एक व्यक्ति से साढ़े आठ लाख रुपये में करीब 550 वर्ग फीट जमीन खरीदी थी। जमीन बेचने वाले ने उस संपत्ति को करीब एक साल पहले ही खरीदा था। जमीन के कागजात देखने के बाद जमीन की रजिस्ट्री करा ली गई। तहसील से खारिज दाखिल भी हो गया। इसके बाद एक बैंक ने मकान बनवाने के लिए 7 लाख रुपये का ऋण भी दे दिया। होम लोन की रकम चुकता भी हो गई। इसी बीच बीते मार्च महीने में मकान पर एक बैंक की तरफ से संपत्ति की नीलामी का नोटिस चस्पा कर दी गई। पूछताछ में पता चला कि मूल विक्रेता ने बैंक से जमीन को बंधक बनाकर ऋण ले रखा है। 15 लाख के ऋण बकाया को लेकर संपत्ति को आने वाले 18 अप्रैल को नीलाम किया जाना है। अब जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले ने एसएसपी से मिलकर मूल बिक्रेता के जमीन की रजिस्ट्री करने वाले के खिलाफ शिकायत की है। प्रकरण में बैंकों की संदिग्ध भूमिका को लेकर भी शिकायत हुई है। बैंक ने ऋण नहीं जमा करने वाले मूल विक्रेता को नोटिस दिया था। जिसके बाद मामला हाईकोर्ट में भी पहुंचा था। हाईकोर्ट में मूल विक्रेता ने लिखित में समझौता के बाद चार किस्त में बैंक को ऋण की रकम भुगतान करने का भरोसा दिया। लेकिन चेक बाउंस हो गया। अब बैंक की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। सवाल यह है कि मामले में जब कोर्ट की अवमानना हो रही है, तो बैंक कोर्ट में मामला क्यों नहीं ले जा रहा है? ऋण और गारंटर के बजाए जमीन खरीदने वाले को पार्टी क्यों बनाया जा रहा है? एक ही संपत्ति पर दो बैंकों ने ऋण कैसे दे दिया।

# अब इस एयरलाइंस ने बंद की लखनऊ की उड़ान

**संवाददाता–गोरखपुर।** एलायंस एयर की गोरखपुर एयरपोर्ट से अब लखनऊ तक की नियमित उड़ान भी बंद हो गई है। इससे यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। एलाएंस एयर ने अपनी इस उड़ान के अलावा गोरखपुर–दिल्ली के बीच होने वाली नियमित उड़ान को सप्ताह में चार दिन करने का फैसला किया है। हालांकि उड़ान बंद करने को लेकर अभी कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है। गोरखपुर से एलाएंस एयर की एक फ्लाइट लखनऊ तक आती–जाती थी। बाद में यही गोरखपुर से दिल्ली के लिए भी चलती थी। बीते फरवरी में स्पाइसजेट एयर लाइंस की तरफ से गोरखपुर से अपनी नियमित उड़ानें रद्द करने के बाद एलाएंस एयर पर यात्रियों की निर्भरता बढ़ी थी।

अभी एयरपोर्ट अफसर अकासा एयरलाइंस को यहां से नियमित उड़ान सेवा शुरू करने के लिए तैयार कर रहे थे, तब तक एलाएंस एयर के इस रूख से एयरपोर्ट प्रशासन को झटका लगा है। एक दिन पहले ही यहां तकनीकी दिक्कतों के चलते छह उड़ानें कैंसिल हुई थीं। रविवार को विमान सेवा पटरी पर लौटी, तब तक एलाएंस एयर ने अपनी सेवाएं बंद करने की सूचना दे दी। एयरपोर्ट निदेशक आरके पराशर ने बताया कि गोरखपुर एयरपोर्ट से एलाएंस एयर ने लखनऊ के लिए विमान सेवा शुरू की थी, जिसको उन्होंने बंद कर दिया है। साथ दिल्ली की उड़ान अब सप्ताह में चार दिन करने की जानकारी मिली है।

# श्री शिव शक्ति रूद्र महायज्ञ के लिये निकली कलश यात्रा



## –वैदिक रीति से होगी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । नव रात्रि से एक दिन पूर्व सोमवार को श्रीराम जानकी मंदिर निपनिया चौराहा दसकोलवा से भव्य कलश और शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर में मां आदि शक्ति और शिव परिवार के प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हेतु श्रद्धालु धार्मिक गीत गाते हुये श्री भद्रेश्वरनाथ धाम पहुंचे। यहां से कुंआनों का पवित्र जल लेकर श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचे। देवी, देवताओं के प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त मंदिर में 9 दिवसीय वैदिक अनुष्ठान के साथ ही श्री शिव शक्ति रूद्र महायज्ञ और श्री राम चरित मानस कथा का आयोजन किया गया है।

श्री शिव शक्ति पीठ शोध एवं सेवा संस्थान के अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्र ने यह जानकारी देते हुये बताया कि हनुमानगढी अयोध्या धाम के महन्थ अंकित दास जी महाराज और श्री धाम वृन्दावन के आचार्य रूद्रनाथ मिश्र कथा का अमृतपान करायेंगे। ब्रम्हलीन बाबा महादेव दास की स्मृति में आयोजित 9 दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान हेतु निकली कलश यात्रा में मुख्य रूप से प्रभात शास्त्री, आशुतोष दास, आदित्यदास, नीरज दास, ऋतिक दास, ओम नरायन, संगम शुक्ल, मुख्य यजमानगण दयाशंकर, राजकुमारी, राम सोहरत, शान्ती देवी, कौशल कुमार, कुसुम, सुनील पाण्डेय, मीरा देवी, सुल्ताना बाबा, सरोज मिश्र के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

# मेडिकल कालेज के 38 डाक्टरों पर डकैती का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता–गोरखपुर।** मेडिकल कॉलेज परिसर में ही स्थित न्यू विशाल मेडिकल स्टोर्स में तोड़फोड़ करके मारपीट व मोबाइल, नकदी निकालने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिल शर्मा व अनूप, कृष्ण कुमार और 30 से 35 अज्ञात जूनियर डॉक्टरों पर मारपीट, बलवा, तोड़फोड़ कर लूट और धमकी देने की धाराओं का केस दर्ज किया है। गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों और मेडिकल स्टोर संचालक विवाद ने तूल पकड़ लिया है। एक प्रोफेसर समेत 38 जूनियर डॉक्टरों पर डकैती, तोड़फोड़ और बलवा का केस दर्ज हुआ है। दोनों पक्ष आमने–सामने हैं। इस मामले में मेडिकल स्टोर संचालकों की एकजुटता और मारपीट के फुटेज ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को भी असहज कर दिया है।मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मामले को शांत कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। वहीं, चुनावी माहौल को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से तैयारी कर रखी है।

मेडिकल स्टोर संचालक से मारपीट मामले में 38 डॉक्टरों पर केस दर्ज होने के बाद से उनमें अंदरखाने विरोध का स्वर तो है, लेकिन वे पुराने दिनों की कार्रवाई और मेडिकल कॉलेज के सख्त रुख से सहमे हुए है। पुलिस ने ऐसे ही मारपीट के मामले में केस दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर कुछ महीने पहले ही डॉक्टरों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

इस वजह से डॉक्टरों का कॅरिअर दांव पर है। अब उसे ही याद कर डॉक्टर खुलकर विरोध करने से बच रहे हैं। उधर, मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है और अल्टीमेटम दे दिया है कि किसी ने स्वास्थ्य सेवा बिगाड़ने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी सबसे बड़ी बात, यह भी है कि पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन और पुलिस के पास मौजूद है। मुकदमा दर्ज कराने से पहले दवा विक्रेता समिति के व्यापारियों ने भी सीसीटीवी फुटेज के साथ प्रिंसिपल से मुलाकात की थी और पूरी घटना से अवगत कराया। कर्मचारी भी आरोपी डॉक्टरों नाराज चल रहे हैं। मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ के बाद ही आरोपी डॉक्टर ने एक कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद सारे कर्मचारी एकजुट होकर हंगामा करने लगे थे। इस प्रकरण में प्रिंसिपल ने विभागीय जांच का आदेश देकर मामले को शांत कराया था। अब इसी बीच केस दर्ज होने के बाद मेडिकल कॉलेज अपनी तैयारी में है, ताकि कोई परेशानी ना आने पाए। हालांकि व्यापारी भी इसमें समझौता चाहते थे, लेकिन बाद में स्थिति को देखते हुए केस दर्ज कराया है। दरअसल, प्रशांत कुमार बीआरडी मेडिकल कॉलेज के उत्तरी गेट सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के सामने न्यू विशाल मेडिकल स्टोर चलाते हैं। शुक्रवार सुबह 11:00 बजे मेडिकल स्टोर के सामने दुकान का रास्ता रोकर किसी ने स्कूटी खड़ी कर दी थी।

दुकान के सामने बाइक खड़ी करने से मना करने पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के एक सहआचार्य नाराज हो गए और गाली देते हुए धमकी देकर चले गए। करीब आधे घंटे बाद वह 30 से 35 मेडिकल छात्रों के साथ दुकान पर पहुंचे और गाली देते हुए दुकान में घुसकर कर्मचारियों को मारना पीटना शुरू कर दिए। कर्मचारियों ने दुकान के पीछे के रास्ते से भागकर जान बचाई, इधर दुकान में किसी के न मिलने पर आरोपियों ने दुकान के दो फ्रिज, काउंटर, रैक तोड़कर दवा बिखेर दिए। आरोप है कि दुकान के काउंटर में रखा 22 हजार नकद और दुकानदार के भाई पीयूष का मोबाइल फोन लूट लिया गया। जाते समय मेडिकल छात्रों ने धमकी दी कि अगर इसकी शिकायत किसी ने की तो जान से मार दिया जाएगा। इस दौरान आसपास दहशत का माहौल था। आरोप है कि मेडिकल कॉलेज के एक विभाग के सहायक प्रोफेसर एवं कुछ मेडिकल छात्रों ने स्टोर के सामने बाइक खड़ी करने के विवाद में घटना को अंजाम दिया है।


सूचना पर 112 नंबर की पुलिस घटनास्थल पहुंची, जिसका फोटो वीडियो बनाकर पीड़ित को थाने भेज दी। मेडिकल स्टोर संचालक ने चिलुआताल थाना पुलिस को सहायक प्रोफेसर समेत चार नामजद और 35 अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर दी। जिसके बाद इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ।

# गर्म हवा व लू से बचाव को अपनाएं सुरक्षा उपाय, रहें सतर्क

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** डीएम पवन अग्रवाल ने आम जन से गर्म हवा व लू से बचाव के टिप्स सुरक्षा उपायों को अपनाने व सतर्क रहने की अपील की है।

डीएम ने बताया कि मौमस विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी। जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर सीधे देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मौसम का तापमान विगत वर्षों की अपेक्षा सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहने का अनुमान है। साथ ही इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जनसामान्य आले वाले दिनों में संभावित हीट वेब, लू से बचाव को लेकर अभी से सतर्क हो जाएं। लू से बचाव के उपायों को जान सकें और अपना व समुदाय का बचाव कर सकें। डीएम ने गर्म हवा, लू से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्म हवा से बचाने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते आदि से ढककर रखे ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाओं पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवा आती है काले परदे लगाकर रखें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहे। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े। जहां तक संभव हो घर में ही रहें व सूर्य के ताप से बचे। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहे। संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। भोजन बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। दोपहर के समय यदि बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना आदि का प्रयोग करें।

# दिल्ली से कमाकर घर लौट रहे अधेड़ की मौत



**संवाददाता–गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के हरपुर निवासी रामप्रकाश उम्र 56 वर्ष जो सोमवार को दिल्ली से कमाकर अभी हरपुर चौराहे पर पहुंचे ही थे कि अचानक से गश खाकर सड़क पर गिर गए, आनन फानन में परिजन उन्हें सहजनवा सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, उनकी मौत की सूचना पर गांव में मातम छा गया, गांव वालों ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

बताते चले कि रामप्रकाश पुत्र स्व.केदार मिस्त्री विगत कई सालों से दिल्ली कमाते थे, उनका परिवार हरपुर गांव में रहता था। सोमवार को वह अपने भाई रुद्र के साथ दिल्ली से कमाकर घर लौटे थे, अभी ज्यो ही वह हरपुर चौराहे पर पहुंचे और घर जाने की तैयारी में लगे, थोड़ी दूर जाने पर वह गश खाकर गिर गए और घर पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गयी।

# भाजपा 400 पार हो रही तो चुनाव क्यों करा रही, रिनिवल कर लेती –राकेश टिकैत



**संवाददाता–अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत सोमवार को अयोध्या पहुंचे। पत्रकारों से बात करते हुए कहा ष्भाजपा यदि 400 पार हो रही है तो फिर चुनाव कराने की क्या जरूरत है थी, इसको रिनिवल कर लेते । यह जनता पर छोड़ दो, किसकों कितना वोट मिलेगा यह तो जनता ही तय करेंगा। भाजपा के राम मंदिर मुद्दे पर टिकैत ने कहा कि राम मंदिर का मुद्दा पहले था, अब नहीं है।

# फंदे से लटक कर युवती ने दी जान

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** लोटन कोतवाली क्षेत्र के सिकरी बाजार कस्बा में एक युवती ने फंदे से लटक कर जान दे दी। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंद कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

सिकरी बाजार की रहने वाली रिया पांडेय (22) पुत्री हरेंद्र पांडेय रविवार रात परिवार वालों के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चली गई थी। परिवार के बाकी सदस्य भी अपने–अपने कमरे में सोने चले गए थे। सुबह में जब रिया सोकर नहीं उठी तो परिवार वाले उसके कमरे के पास पहुंचे और आवाज दी लेकिन कोई आहट नहीं मिली। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो सूचना मोहाना थाना को दी गई। सूचना पर मोहाना थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। कमरे का दरवाजा तोड़ कर पुलिस अंदर दाखिल हुई तो रिया का शव दुपट्टा के सहारे छत की कुंडी से लटक रहा था। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और परिजनों से पूछताछ की लेकिन कोई कारण पता नहीं चल सका। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

# लोटन क्षेत्र से भगाई गई महिला बरामद

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** लोटन कोतवाली क्षेत्र से 18 दिन पूर्व भगाई गई तीन बच्चों की मां को पुलिस ने सोमवार को बरामद कर लिया है। आरोपी भी उसकी गांव का निवासी है। लोटन थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने बताया कि गांव निवासी संपति प्रजापति तीन बच्चों की मां को भगा ले गया था। पुलिस तलाश कर रही थी। महिला को बरामद कर लिया गया है।


**RELIGION CHANGE**

I RAJ KUMAR SAMDARSHI S/O RAMVACHAN SAMDARSHI R/O H.NO.46 KORMAGALI,NEAR BY AMBEDAKARPARK KORAMA BASTI AMBARI BASTI UTTAR PRADESH - 272301 Do Here by solemnly affirm and declare that I have embraced BUDDHISM religion and Renounced HINDUISM religion w.e.f. 29.05.2023

I have changed Only my religion not my name

It is Certifieced that I have Complied with other Legal Requirements in this Connection.

RAJ KUMAR SAMDARSHI


**अदालती नोटिस**

वाद के निपटारे के लिये सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5 व्या0प्र0 संहिता 1908)

मूलवाद संख्या 12/2024

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) स्थान–बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

राजेश

बनाम

इन्द्रजीत आदि

1. इन्द्रजीत 2. इन्दल 3. अर्जुन प्रसाद पुत्रगण राम अजोरे 4. सूरसती पत्नी स्व0 राम अजोरे साकिन झुगवा गड़ोरी तप्पा मसिना परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग

5. कन्हैया पुत्र राजपती साकिन झुगवा गड़ोरी तप्पा मसिना परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

–प्रतिवादी द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 25–04–2024**

प्रतिवादी ने आपके विरुद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक **25–04–2024** को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो बात से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपके उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश


**RELIGION CHANGE**

I RAM GOPAL S/O PANCHAM R/O:H.NO. 150, GRAM-AMAULI, POST-HATHIYA GARH, DISTRICT-BASTI UTTAR PRADESH PIN CODE-272002 Do Hereby solemnly affirm and declare that I have embraced BUDDHISM religion and Renounced HINDUISM religion w.e.f. 29.05.2023

I have changed Only my religion not my name

It is Certifieced that I have Complied with other Legal Requirements in this Connection.

RAM GOPAL


**अदालती नोटिस**

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

प्रकीर्णवाद सं0 49/2024

संजय कुमार–सायल

1. संजय कुमार उम्र लगभग 32 साल पुत्र रामेश्वर 2. राजू उम्र लगभग 44 साल पुत्र रामेश्वर निवासीगण मौजा दौलतपुर तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 29–04–2024**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925

दरख्वास्त मुसम्मा

वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 29–04–2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

प्रकीर्णवाद सं0 52/2024

श्रीमती सबरूननिशा–सायलान

1. श्रीमती सबरूननिशा उम्र 55 वर्ष पत्नी बरकत अली 2. अफजल उम्र 36 वर्ष 3. अख्तर अली उम्र 34 वर्ष 4. शहजाद उम्र 32 वर्ष 5. हैदर अली उम्र 30 वर्ष 6. रज्जब अली उम्र 26 वर्ष 7. मोहब्बत अली उम्र 22 वर्ष पुत्रगण बरकत अली 8. श्रीमती तसबीरून उम्र 28 साल 9. सकीना खातून पुत्रीगण बरकत अली निवासीगण ग्राम अरदा डाकघर भीतेहरा तप्पा.......परगना........तहसील रूधौली जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 29–04–2024**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925

दरख्वास्त मुसम्मा

वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 29–04–2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

वाद सं0 243/2022

अदालत–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 बस्ती जिला–बस्ती

रामचन्दर

बनाम

जगदम्बा आदि

1. जगदम्बा उम्र 70 वर्ष पुत्र शीतला प्रसाद साकिन मौजा संसारपुर तप्पा सिकन्दरपुर परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

–प्रतिवादी प्रथम वर्ग

7. रामशंकर उम्र 62 वर्ष पुत्र शीतला प्रसाद 8. श्रीमती कैलाश देवी उम्र 65 वर्ष पत्नी जगदम्बा प्रसाद साकिनान मौजा संसारपुर तप्पा सिकन्दरपुर परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

–प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 07–05–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 07 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम


**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**

संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

**लखनऊ कार्यालय–** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

**गोरखपुर कार्यालय–** इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com bhartiyabasti@gmail.com